**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्याः 70**

**जिसका उत्तर बुधवार, 02 फरवरी, 2022 को दिया जाएगा**

**राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग**

**70. श्रीमती सुनीता दुग्गलः**

**क्या उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग की स्थापना के बाद से, इसके अंतर्गत विभिन्न एजेंसियों में उपभोक्ताओं से प्राप्त शिकायतों की संख्या कितनी है;

(ख) इसकी स्थापना के बाद से अब तक, कितने मामलों का निपटारा किया गया है; और

(ग) मामलों के निपटान के प्रतिशत के साथ इसमें लंबित मामलों की कुल संख्या कितनी है?

**उत्तर**

**उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री**

**(श्री अश्विनी कुमार चौबे)**

(क) से (ग): देश भर में इसकी स्थापना के बाद से उपभोक्ता आयोग में दायर उपभोक्ता मामलों की स्थिति निम्नानुसार है:

| **एजेंसी का नाम** | **स्थापना के बाद से दायर किए गए मामले** | **स्थापना के बाद से निपटान किए गए मामले** | **लंबिता** | **निपटान प्रतिशत** |
|---|---|---|---|---|
| राष्ट्रीय आयोग | 139774 | 117455 | 22319 | 84.03% |
| राज्य आयोग | 882857 | 766376 | 116481 | 86.81% |
| जिला आयोग | 4484105 | 4044657 | 439448 | 90.20% |
| **कुल** | **5506736** | **4928488** | **578248** | **89.50%** |

*****